हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 जनवरी 2026, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति में 4-जी और 5-जी नेटवर्क, सेमीकंडक्टर चिप तथा दूरसंचार उपकरणों में बड़ी उन्नति शामिल है। उन्होंने कल नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी और श्रीकांत शंकर जोशी की स्मृति में योजित पंच परिवर्तन कार्यक्रम में यह बात कही।

हमारे राष्ट्र के मूल भावना मूल विचार वह सब इसके पीछे, चाहे वंदे भारत देखिए, चाहे जो राकेट जा रहा ऊपर ओ देखिए, चाहे 4जी, 5जी का टेलीकॉम नेटवर्क देखिए और चाहे हिन्दुस्तान में सेमी कंडक्टर चिप जो बन रही है, सब स्वदेशी से प्रेरित है। अगर हम देखते 99 परसेंट मोबाइल फोन पार्ट्स आते थे, आज 99 परसेंट हिन्दुस्तान में बनते हैं।

****

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड रहा है। इस वर्ष देश की प्रगति में कई नीतियों का उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में ज हम चर्चा कर रहे हैं- जब विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2025 में एक दर्श नेता के रूप में देखा।

वर्ष 2025 भारत के वैश्विक उत्थान में एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में सामने आया। देश के भीतर मजबूत आर्थिक नेतृत्व और विदेशों में आत्मविश्वास से भरा कूटनीति के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्थिर और विश्वसनीय नेता के रूप में उभरे। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर शुल्क की दरें बढ़ाई तब प्रधानमंत्री मोदी के नेशन फर्स्ट रुख ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब कर को लेकर असमान व्यापार

समझोतों या बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति को स्पष्ट किया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और सिंधु जल संधि को निलंबित करते हुए यह संदेश दिया कि खून और अपनी एक साथ नहीं बह सकते। 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिला, उन्हें विभिन्न देशों द्वारा कुल 29 वैश्विक सम्मान प्रदान किए गए जिनमें बारबाडोस का ऑर्डर ऑफ फ्रीडम, इथियोपिया का ग्रेट ऑनर निशान और ओमन का आर्डर ऑफ ओमान शामिल है अश्विनी कुमार शर्मा , आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़।

****

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि करनाल शहर के बीचों-बीच 128 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण कार्य इस वर्ष दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। इस फ्लाईओवर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर **"अटल सेतु"** रखा जाएगा। श्री मनोहर लाल कल करनाल में फ्लाईओवर का निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि करनाल में ज विदेश में रोजगार के लिये चयनित युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किए गए है। इस पहल से युवाओं को बिना खर्चे के विदेशों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इतना ही नहीं दलालों से छुटकारा भी मिल रहा है और डोंकी जैसे गलत रास्ते से भी युवा बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही विदेशों में 7600 युवाओं के लिए और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब को पुनः गौरवशाली बनाने में निहंग सिंह निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री कल अपने चंडीगढ़ स्थित वास में योजित निहंग सिंह संप्रदाय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर निहंग सिंह साहेबान ने मुख्यमंत्री को सरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि **'निहंग'** शब्द का अर्थ निडर हृदय वाले योद्धा से है और स्वयं गुरु साहिबान ने निहंग सिंहों को शस्त्रधारी **'अकाल सेना'** का स्वरूप प्रदान किया था। 18वीं शताब्दी में अफगान क्रांता अहमदशाह अब्दाली के बार-बार किए

गए □ क्रमणों को रोकने में निहंग सिंहों की भूमिका ऐतिहासिक रही। महाराजा रणजीत सिंह की सरकार-ए-खालसा की मजबूती का श्रेय भी निहंग सिंह योद्धाओं को जाता है।उन्होंने कहा कि भगानी और चमकौर के रणक्षेत्रों में निहंग सिंह गुरु साहिबान की ढाल बनकर खड़े रहे। बाद में बाबा बंदा सिंह बहादुर जी, बाबा दीप सिंह जी जैसे महान निहंग योद्धाओं ने मुगलों को परास्त कर खालसा पंथ को सुदृढ़ किया। सिख समाज में निहंग सिंहों का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण है, वे खालसा पंथ की रीढ़ हैं और उनका जीवन गुरु साहिबान की शिक्षाओं को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार गुरु साहिबानों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि □ ज हरियाणा सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी नीतियों और केंद्र सरकार के सहयोग से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

****